

# पलक ने दीपिका को बताया अपनी प्रेरणा

नई पीढ़ी के कलाकार लगातार दीपिका पादुकोण को सिर्फ उनके शानदार स्क्रीन प्रेज़ेंस के लिए ही नहीं, बल्कि सिनेमा में महिलाओं के लिए बनाए गए उनके मजबूत रास्ते के लिए भी अपना आदर्श मानते हैं. इसी कड़ी में अब पलक तिवारी ने भी दीपिका की जमकर तारीफ की है. पलक का मानना है कि दीपिका ने हमेशा अपनी पहचान एक मजबूत हीरोइन के रूप में बनाई है, बिना कभी 'हीरो बनने' की कोशिश किए. उनके अनुसार, 'दीपिका ने कभी हीरो बनने की कोशिश नहीं की, क्योंकि हीरोइन होना अपने आप में ही बहुत ताकतवर है.'

दीपिका पादुकोण का करियर इस बात का उदाहरण है कि कैसे एक अभिनेत्री अपनी शर्तों पर इंडस्ट्री में जगह बना सकती है. चाहे बात 'पद्मावत' जैसी भव्य फिल्मों की हो या 'पीकू' जैसी संवेदनशील कहानी की, दीपिका ने हर बार अपने किरदारों में गहराई और मजबूती दिखाई है.

पलक तिवारी जैसी युवा अभिनेत्रियों के लिए दीपिका सिर्फ एक स्टार नहीं, बल्कि एक सोच हैं जो बताती हैं कि सिनेमा में महिलाओं का रोल सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं है, बल्कि वो कहानी की असली ताकत भी बन सकती हैं. आज के दौर में, जहां इंडस्ट्री तेजी से बदल रही है, दीपिका पादुकोण का यह सफर नई पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा बन चुका है यह दिखाते हुए कि असली ताकत खुद को स्वीकार करने और अपनी पहचान पर गर्व करने में है.

## 'सितारे ज़मीन पर' का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर 31 मई को

आमिर खान स्टारर सितारे ज़मीन पर अब अपने वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर के लिए तैयार है. यह फिल्म रविवार, 31 मई को दोपहर 1 बजे सोनी मैक्स पर प्रसारित होगी. हंसी, खुशी और भावनाओं से भरपूर यह कहानी देशभर के परिवारों को एक साथ बैठकर देखने का मौका देगी. सितारे ज़मीन पर ने अपनी सच्ची और सरल कहानी से दर्शकों के दिलों को छुआ. इसने दिखाया कि हर परिवार की अपनी अलग पहचान और गर्माहट होती है 'सबका अपना नॉर्मल.' फिल्म ने इन अहम मुद्दों पर बातचीत शुरू की और परिवारों के बीच जुड़ाव और अपनापन को खूबसूरती से दिखाया. फिल्म में साथ रहने और साथ निभाने की भावनाओं को जिस तरह से दिखाया गया है, उसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया. फिल्म के केंद्र में आमिर खान का यह विश्वास है कि बच्चों और उनकी भावनाओं को कहानियों में सबसे पहले रखा जाना चाहिए.

# रफ्तार 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश स्टारर 'रफ्तार', 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

अमेज़न एमजीएम स्टूडियोज की ओरिजिनल और राजकुमार राव की बेहद प्रतीक्षित फिल्म 'रफ्तार' 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में एक स्पेशल प्रीमियर के लिए पूरी तरह तैयार है, जो दशहरे के लंबे वीकेंड पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी.

आदित्य निंबालकर के निर्देशन में बनी और काम्पा फिल्म के बैनर तले पत्रलेखा द्वारा प्रोड्यूस की गई इस फिल्म के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर तरुण बाली हैं. फिल्म की कहानी और स्क्रीनप्ले रोहन नरूला ने लिखा है, जबकि 'पीवीआर आइनॉक्स पिक्चर्स' इस फिल्म की ऑफिशियल डिस्ट्रीब्यूटर है. यह फिल्म एक प्रोड्यूसर के तौर पर राजकुमार राव के बिजनेस सफर की शुरुआत भी है. राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश की मुख्य भूमिकाओं वाली इस फिल्म में अनुराग ठाकुर, रोहन वर्मा, तान्या मानिकतला और रजत कपूर जैसे कई बेहतरीन कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे.



राजकुमार राव ने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'लोग कहते हैं कि सपना देखने और उसे बुनने में समय लगता है, लेकिन उसे जीने के लिए और भी ज्यादा मेहनत और लगन की जरूरत होती है! 'रफ्तार' सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि सिनेमाई दुनिया में हमारा पहला कदम है; यह हमारे विश्वास, हिम्मत और अनगिनत सपनों की मेहनत का नतीजा है. जब कोई चीज दिल के इतने करीब और खास होती है, तो उसे कुछ बेहद यादगार बनने के लिए वक्त देना सही होता है.इसीलिए अब हम 16 अक्टूबर को दशहरे के लंबे वीकेंड पर सिनेमाघरों में आ रहे हैं. जब आप 'रफ्तार' देखेंगे, तो आप सिर्फ एक फिल्म नहीं देख रहे होंगे, बल्कि आप उस संघर्ष, महत्वाकांक्षा, डर और उम्मीद को महसूस करेंगे जो हर सपने को पूरा करने की ताकत देती है. हमारी ताकत बनने के लिए आपका शुक्रिया. हम बस मंजिल के बेहद करीब हैं.



# अदा शर्मा ने बधिर फैन से सांकेतिक भाषा में की बातचीत

फिल्मी दुनिया में जहां सितारे अक्सर अपनी फिल्मों और ग्लैमर को लेकर चर्चा में रहते हैं, वहीं कुछ कलाकार अपने व्यवहार और इंसानियत से लोगों के दिलों में खास जगह बना लेते हैं. अदा शर्मा ऐसी ही अभिनेत्रियों में शामिल हैं, जो अपनी अनोखी फिल्मों, दमदार अभिनय और दिल छू लेने वाले स्वभाव के लिए जानी जाती हैं.

हाल ही में लखनऊ में हुए एक कार्यक्रम में अदा का एक बेहद भावुक पल देखने को मिला, जिसने सोशल मीडिया पर लोगों का दिल जीत लिया. कार्यक्रम के दौरान एक बधिर प्रशंसक ने अदा शर्मा को उनकी बनाई हुई खूबसूरत पेंटिंग भेंट की. इस खास तोहफे से खुश हुई अदा ने सिर्फ धन्यवाद कहकर बात खत्म नहीं की, बल्कि सांकेतिक भाषा में उस प्रशंसक से बातचीत कर उसे बेहद खास महसूस कराया.

यह प्यारा वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग अदा की सादगी, संवेदनशीलता और अपने फैंस के प्रति सच्चे जुड़ाव की खूब तारीफ कर रहे हैं. 'द केरल स्टोरी', 'कमांडो', '1920' और 'सनफ्लावर 2' जैसी फिल्मों में अपनी अलग पहचान बना चुकी अदा शर्मा अब जल्द ही फिल्म सुपरवेल्ली में एक अनोखे 'आलसी सुपरहीरो' अवतार में नजर आएंगी, जिसे लेकर फैंस के बीच पहले से ही जबरदस्त उत्साह बना हुआ है.

## टेलीविजन





### मां-बहन' का ट्रेलर रिलीज़

ध्यान से देखिए... आज हुआ है एक भयावह कांड का खुलासा! बात कर रहे है आदर्श कॉलोनी की मशहूर रेखा, जया और सुषमा के कारनामों की. अब इस कांड की पूरी पोल खोलते हुए नेटफ्लिक्स ने अपनी नई फिल्म 'माँ-बहन' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है. यह एक मजेदार और ज़बरदस्त क्राइम-कॉमेडी है, जहां झूठ पर झूठ बोला जाता है, शक बढ़ता जाता है और एक उलझा हुआ मां-बेटी का परिवार अपने सबसे बड़े कांड से बचने की कोशिश करता है. क्या है ये कांड और किसने किया ये कांड- सब पता चलेगा 4 जून को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर. अबंडंशिया एंटरटेनमेंट और ओपनिंग इमेज फिल्म्स के साथ मिलकर बनाई गई इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है. यह कहानी एक ऐसे उलझी हुई मां-बेटी की तिकड़ी की कहानी है, जो एक लाश को छिपाने की कोशिश करती है. इसी बीच उन्हें अजीब हालात, टांग अड़ाने वाले पड़ोसी और अपने ही अनोखे परिवार की उलझनों का सामना करना पड़ता है.

### घरेलू हिंसा ट्रैक की शूटिंग के दौरान टूट गई थीं सहज राजपूत



'जाने अनजाने हम मिले', जिसमें भरत अहलावत और आयुषी खुराना लीड रोल में नजर आ रहे हैं, हाल ही में अपने घरेलू हिंसा वाले ट्रैक की वजह से काफी चर्चा में रहा. इस ट्रैक में सहज राजपूत, जो उन्नति का किरदार निभा रही हैं, ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया. पति विक्रांत, यानी पुनीत राज से घरेलू, मानसिक और शारीरिक हिंसा झेलने के बावजूद उन्नति की कहानी हिम्मत और इंसाफ की मिसाल बनकर सामने आई, जहां आखिरकार उसने विक्रांत के खिलाफ आवाज उठाई और उसे सजा दिलाई. अब अपने दर्दभरे अतीत से बाहर निकलने के इुद्धह्लद्गह्न उन्नति, ध्रुव यानी रोहित धीमान के साथ जिंदगी में प्यार को एक और मौका देने जा रही है. सहज राजपूत का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से ऐसे जज़्बाती और भारी सीन्स शूट करना उनके लिए एक मुश्किल सफर रहा है. उनका मानना है कि अगर उन्नति की कहानी किसी एक घरेलू हिंसा झेल रही महिला को भी हिम्मत दे सके, तो वह अपने काम को सफल मानेंगी.

# सोनिया बंसल ने कान्स में मचाई सनसनी



**ग्लैमर**, फैशन और सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित मंचों में गिने जाने वाले 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस बार भारतीय संस्कृति की खूबसूरत छाप छोड़ती नजर आई बिग बॉस 17 फेम अभिनेत्री सोनिया बंसल. अपने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के साथ सोनिया ने सिर्फ रेड कार्पेट पर कदम नहीं रखा, बल्कि भारतीय आध्यात्म, परंपरा और आधुनिक फैशन का ऐसा संगम पेश किया जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया.

अपनी आगामी पर्यावरण आधारित फिल्म द लास्ट ब्रीथ का प्रतिनिधित्व करते हुए सोनिया बंसल ने मशहूर डिज़ाइनर डॉली जे द्वारा तैयार किए गए पेस्टल पिंक लहंगा-साड़ी फ्यूज़न आउटफिट में शाही अंदाज़ बिखेरा. सफेद फूलों की कढ़ाई, गोल्ड डिटेलिंग और सिर पर ओढ़ा गया शीयर दुपट्टा उनके पूरे लुक को राधा रानी से प्रेरित दिव्यता प्रदान कर रहा था.

एमरल्ड और अनकट डायमंड ज्वेलरी, हाथों पर आलता, छोटी बिंदी और बालों में सजा मोरपंख उनके लुक को भारतीय पौराणिकता की अनोखी पहचान दे रहा था. सोनिया ने कहा कि कान्स के रेड कार्पेट पर भारतीय संस्कृति को दुनिया के सामने प्रस्तुत करना उनके लिए गर्व का क्षण है. खास बात यह भी है कि उनकी फिल्म द लास्ट ब्रीथ सिर्फ मनोरंजन नहीं बल्कि वनों की कटाई जैसे गंभीर पर्यावरणीय मुद्दे को भी सामने लाती है. इस फिल्म में उनके साथ शिव ठाकरे भी नजर आएंगे.

## 'जमना किनारे' के साथ फोक रोमांस को जीवंत किया

**उत्तर** भारतीय लोक संगीत की जीवंत भावना को एक ताज़ा कंटेंपरेरी साउंड के साथ मिलाते हुए, गायिका और गीतकार सिमरन चौधरी और नंबरदार एमसी स्क्वायर अपने नवीनतम सिंगल 'जमना किनारे' के लिए





एक साथ आए हैं. चुलबुली ऊर्जा के साथ एक चंचल रोमांस में निहित, यह ट्रैक यमुना नदी के तट की पृष्ठभूमि में दो युवा प्रेमियों के बीच की छेड़छाड़ भरी केमिस्ट्री को कैद करता है. यह गाना आधुनिक दर्शकों के लिए राधा और कृष्ण की अमर प्रेम कहानी से प्रेरणा लेते हुए उसे एक नए रूप में पेश करता है.

पंजाबी और हरियाणवी प्रभावों को एक आधुनिक ट्विस्ट के साथ मिलाते हुए, 'जमना किनारे' एक ऐसी लड़की के बीच की हल्की-फुल्की नोकझोंक को दर्शाता है, जो अपने प्रेमी की लगातार शिकायत करती है कि वह हर जगह उसका पीछा करता है, जबकि प्रेमी खुलेआम अपने प्यार का इज़हार करता है और उनके रिश्ते की तुलना राधा और कृष्ण की शाश्वत महान प्रेम कहानी से करता है. देसी गर्माहट और लोक-प्रेरित धुनों से भरपूर यह गीत, एक चंचल रोमांस की मासूमियत और उत्साह को दर्शाता है.

## यंग इंडिया





# पंजाब एंड सिंध बैंक ने निकाली 600 से अधिक पदों पर भर्ती

पब्लिक सेक्टर के पंजाब एंड सिंध बैंक में अप्रेंटिस पदों पर भर्ती निकाली है. जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. उम्मीदवार 6 जून 2026 ऑनलाइन आधिकारिक वेबसाइट https://punjabandsind.bank.in/ पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. इससे पहले उम्मीदवारों की पात्रता, चयन प्रक्रिया और अन्य जानकारी होनी चाहिए. जिसके लिए आधिकारिक अधिसूचना पढ़ने की सलाह दी जाती है.

रिक्त पदों की संख्या कुल 635 है. जिसे 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया है. उत्तर प्रदेश में रिक्त पदों की संख्या सबसे अधिक है, कुल वैकेंसी 100 है. पंजाब में 90 और हरियाणा में 50 वैकेंसी है. आवेदन करने के लिए जनरल, ओबीसी-एनसीएल और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को 200 रुपये शुल्क के साथ एप्लीकेबल टैक्स और पेमेंट गेटवे चार्ज का भुगतान करना होगा. एससी/एसटी/PwBD के लिए आवेदन शुल्क 100 रुपये है.

**कौन कर सकता है आवेदन?-** किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी या संस्थान से रेगुलर ग्रेजुएशन की डिग्री या समकक्ष योग्यता होनी चाहिए. लोकल लैंग्वेज प्रोफिशिएंसी भी अनिवार्य है. लोकल लैंग्वेज के लिए आठवीं/दसवीं/12वीं/ग्रेजुएशन की मार्कशीट या सर्टिफिकेट प्रदान करना होगा. जिन्होंने पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा कर लिया या एक साल या इससे अधिक का अनुभव रखते हैं, उन्हें आवेदन की अनुमति नहीं होगी. NAPS या NATS पोर्टल पर पंजीकरण भी अनिवार्य होगा.

निर्धारित आयु सीमा न्यूनतम 20 वर्ष और अधिकतम 28 वर्ष है. एससी/एसटी को 5 साल, ओबीसी एनसीएल को 3 साल और PwBD उम्मीदवारों को 10 साल तक की छूट अधिकतम आयु सीमा में दी जाएगी.

**चयन प्रक्रिया और वेतन -** चयन प्रक्रिया में तीन चरण शामिल होंगे. पहले चरण में आवेदन पत्र में दर्ज की गई जानकारी के आधार पर स्टेट वाइज, डिस्ट्रिक्ट वाइज और कैटिगरी वाइज मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी. किसी प्रकार की लिखित परीक्षा आयोजित नहीं होगी. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा.

# राजस्थान में स्पेशल टीचर की बंपर भर्ती

राजस्थान में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी आई है. राजस्थान लोक सेवा आयोग ने स्कूल लेक्चरर (स्पेशल एजुकेशन) भर्ती 2026 का आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. इस भर्ती के जरिए माध्यमिक शिक्षा विभाग में कुल 121 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी. खास बात यह है कि यह भर्ती विशेष शिक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने वाले उम्मीदवारों के लिए शानदार मौका मानी जा रही है.

**कब से कब तक अप्लाई कर सकते हैं?-** इस भर्ती के लिए अप्लाई करने की प्रक्रिया 1 जून 2026 से शुरू होगी. वहीं अप्लाई करने की लास्ट डेट 30 जून 2026 है. परीक्षा और एडमिट कार्ड के संबंध में जल्द ही नोटिफिकेशन जारी की जाएगी.

**उम्र सीमा-** न्यूनतम आयु सीमा- 21 साल

**अधिकतम आयु सीमा-** 40 साल

**शैक्षणिक योग्यता-** इस भर्ती के लिए किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी



से इंग्लिश, हिंदी, इतिहास, पॉलिटिकल साइंस, सोशियोलॉजी और म्यूजिक में पोस्ट ग्रेजुएट कैंडिडेट्स अप्लाई कर सकते हैं. इसी के साथ बीएड (स्पेशल एजुकेशन) या बीएड +2 साल का डिप्लोमा (स्पेशल एजुकेशन) होना चाहिए. हिंदी भाषा पर पकड़ (खासकर लिखने की जानकारी) और राजस्थानी कल्चर की जानकारी होनी चाहिए.

**पोस्ट डिटेल-** इस भर्ती के तहत कुल 121 पोस्ट भरे जाएंगे. इनमें से हर कैटेगरी के अनुसार, पोस्ट की संख्या अलग-अलग है.

### महिलाओं के लिए भी अवसर 10 हजार पदों पर बहाली

**बिहार:** वर्म फ्रॉम होम का मौका, महिलाओं के लिए भी अवसर, 10 हजार पदों पर बहाली

इस भर्ती के तहत कुल 6 विषयों में स्कूल लेक्चरर के पद भरे जाएंगे. इनमें अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र और संगीत जैसे विषय शामिल हैं. इन पदों पर चयनित उम्मीदवारों को राजस्थान सरकार के तहत स्थायी नौकरी दी जाएगी.

**क्या है जरूरी योग्यता-** उम्मीदवार के पास संबंधित विषय में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएशन यानी क्क्र डिग्री होना जरूरी है. इसके साथ ही अभ्यर्थी के पास B.Ed. की डिग्री होनी चाहिए. जिन उम्मीदवारों के पास सामान्य क्च.श्वस्र है, उनके लिए विशेष शिक्षा में 2 साल का डिप्लोमा जरूरी रहेगा. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उम्मीदवार का भारतीय पुनर्वास परिषद यानी RCI में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है.



# अग्निवीर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा एक जून से

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए 1 से 12 जून के बीच लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी. इसके लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं. ग्वालियर और सागर में दो परीक्षा केंद्र हैं. इनमें ग्वालियर चंबल अंचल के जिलों के अलावा सागर, दमोह, टीकमगढ़, निवाड़ी के करीब 48 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे.

**पहचान पत्र और प्रिंटआउट साथ लाना होगा-** अभ्यर्थियों को पहचान पत्र, प्रवेश पत्र का रंगीन प्रिंटआउट साथ लाना होगा. आधार कार्ड की जांच के बाद ही अंदर प्रवेश दिया जाएगा. परीक्षा से पहले बायोमैट्रिक वेरीफिकेशन होगा. सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल पंकज कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन माक टेस्ट भी उपलब्ध है. जिससे वह प्रैक्टिस कर सकते हैं. एडमिट कार्ड भारतीय सेना की वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर अपलोड कर दिए गए हैं. वहां से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं.

**यह हैं परीक्षा केंद्र-** ग्वालियर में आइओएन डिजिटल जोन आइडीजेड चितौरा रोड, भारतीय विद्या मंदिर शिक्षा समिति, चितौरा रोड, भारतीय विद्या मंदिर, यमुना नगर, दर्पण कॉलोनी.

सागर में एसएचसी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, एनएच- 26, नरसिंहपुर रोड, एमपीइबी कॉलोनी के पीछे, मकरोनिया और अदिना इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, एनएच- 86, भोपाल रोड, बाम्होरी सीड फार्म, जवाहरलाल नेहरू कृषि अनुसंधान के पीछे.

# इन सेक्टर्स में बनाएं शानदार करियर

**एमबीबीएस** की पढ़ाई पूरी करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि होती है. कई छात्र डॉक्टर बनने का सपना लेकर इस कोर्स में एडमिशन लेते हैं, लेकिन पढ़ाई पूरी होने के बाद सबसे बड़ा सवाल होता है अब आगे क्या करना है.

एमबीबीएस के बाद सबसे पॉपुलर ऑप्शन गवर्नमेंट हॉस्पिटल में मेडिकल ऑफिसर बनना है. राज्य सरकारें और केंद्र सरकार समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों की भर्ती निकालती रहती हैं. यह नौकरी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मिल सकती है.



यहां मरीजों का इलाज करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी भी होती है. इस नौकरी की खास बात यह है कि इसमें अच्छी सैलरी के साथ सरकारी सुविधाएं भी मिलती हैं.

**सेना में डॉक्टर बनने का मौका-** देश सेवा का सपना देखने वाले एमबीबीएस छात्रों के लिए सेना भी शानदार विकल्प है. भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना में डॉक्टरों की भर्ती की जाती है. यहां डॉक्टर के रूप में काम करने के साथ आपको डिसिप्लिन, रिस्पेक्ट और अच्छी सैलरी भी मिलती है. कई युवाओं को यह ऑप्शन इसलिए पसंद आता है क्योंकि इसमें मेडिकल करियर के साथ देश की सेवा करने का मौका मिलता है.

**रेलवे में डॉक्टर की नौकरी-** भारतीय रेलवे भी समय-समय पर डॉक्टरों की भर्ती करता है. रेलवे हॉस्पिटल्स में मेडिकल ऑफिसर के पद पर नौकरी मिल सकती है. रेलवे की नौकरी स्थिर मानी जाती है और इसमें कई सरकारी सुविधाएं जैसे आवास, मेडिकल सुविधा और पेंशन जैसी सुविधाओं का लाभ मिलता है.

**सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अवसर-** अगर पढ़ाने और रिसर्च में रुचि है, तो सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकते हैं. कुछ समय का अनुभव और आगे की पढ़ाई के बाद आप मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर या फैकल्टी के रूप में काम कर सकते हैं.